ताला तोड़कर बिलौता मंदिर से चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

चोरी के मामले में देलवाडा थाना पुलिस ने 5 को किया गिरफ्तार

राजसमंद, (निसं)। जिले के देलवाडा थाना क्षेत्र के बिलौता गांव स्थित लिम्बडिया बावजी मंदिर से चोरी के मामले में देलवाडा थाना पुलिस ने चोरी के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

साथ ही पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन तलवारें एवं एक बोलेरो गाडी को भी बरामद किया गया। थानाधिकारी उदयलाल ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बढ ती चोरियों की वारदातों को लेकर चोरियों पर अंकुश लगाए जाने के लिए एसपी सुधीर चौधरी, एएसपी शिवलाल बैरवा एवं डीएसपी छगन पुरोहित द्वारा बदमाशों की धरपकड के निर्देश प्राप्त हुए।

निर्देशानुसार थानाधिकारी उदयलाल के नेतृत्व में सउनि बरकत खान, हेडकोंस्टेबल लूम्बसिंह, रोशनलाल, ओमसिंह, कोंस्टेबल रिपुदमनसिंह, लक्ष्मीनारायण, ओमाराम, दिनेशचन्द्र, मोतीराम, कैलाशचन्द्र, नानालाल व राजेन्द्र की टीम का गठन किया गया। टीम ने क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए संदिग्धों प्रभुलाल कटारा एवं नारायणलाल पारगी को डिटेन कर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने मामले में अन्य साथी प्रेमलाल उर्फ नानालाल पारगी, सुरेश कटारा, कालूलाल पारगी के बारे में बताया। इस पर पुलिस ने आरोपियों की गहनता से तलाश करते हुए 5 आरोपी प्रभुलाल पुत्र देवीलाल कटारा (भील) निवासी नया रेहट गोदाना थाना झाडोल, सुरेश पुत्र थाबरचंद कटारा (भील) निवासी लवारखेडी आरवाडा थाना झाडोल, नारायण पुत्र बाबूलाल पारगी (भील), प्रेमलाल उर्फ नानालाल पुत्र बाबूलाल पारगी (भील), कालू पुत्र मोहनलाल पारगी (भील) निवासी आरवाडा थाना झाडोल को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के चोरी का माल सहित तीन तलवारें एवं एक गाडी को भी बरामद किया गया है। मामले को लेकर पुलिस द्वारा अनुसंधान जारी है।

बिलौता मंदिर से चोरी के आरोप में देलवाडा पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन तलवारें एवं एक बोलेरो गाडी को भी बरामद किया

बैंक खाते से 32 हजार रुपये की नगदी पार

पीड़ित खाताधारक ने नई मंडी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई

हिण्डौन सिटी, (का.सं.)। शहर के स्टेशन रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एक खाताधारक के खाते से 32 हजार रूपये की नगदी पार हो गई। इस मामले को लेकर पीड़ित खाताधारक ने नई मंडी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

समीप के गांव एकोराशी निवासी चरण सिंह सोलंकी ने नई मंडी पुलिस थाने में दर्ज कराई। प्राथमिकी में लिखा है कि उसका शहर के स्टेशन रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में बचत खाता है। इस बचत खाते से गत ग्यारह जनवरी को दोपहर 1 बजकर 50 मिनट पर 32 हजार रूपये किसी ने निकाल लिये। जबकि उसके द्वारा इस अवधि में कोई ट्रांसजेक्शन नहीं किया गया और ना ही किसी को ओटीपी शेयर किया गया। इसके बावजूद खाते से अवैध रूप से राशि की निकासी हुई है। इस मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाही करने की मांग की है। इधर मामले को लेकर नई मंडी थानाधिकारी गिर्राज प्रसाद ने बताया कि पीड़ित खाताधारक की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली है और कार्रवाही की जा रही है।

पीड़ित खाताधारक ने नई मंडी पुलिस थाने में रिपोर्ट दी।

स्कूल बस व बुलेट बाइक की टक्कर में शिक्षक की मौत

- बाइक पर बैठी कॉलेज छात्रा गंभीर रूप से घायल, भरतपुर के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया

बयाना, (निसं)। बयाना उपखंड के गांव गुर्धानदी में बुधवार को सुबह घने कोहरे के चलते बेकाबू स्कूली बस व बुलेट मोटरसाइकिल की टक्कर में बुलेट मोटरसाइकिल सवार शिक्षक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसके साथ बाइक पर बैठी कॉलेज छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे भरतपुर के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया है। छात्रा की हालत भी गंभीर बताई है। मृतक शिक्षक गांव खेडलीगडासिया निवासी 28 वर्षीय धीरज सिंह पुत्र हरवीर सिंह व उसके साथ बैठी छात्रा अन्नू पुत्री खेम सिंह बताई है। यह हादसा तब हुआ बताया जब यह शिक्षक बयाना के डांग क्षेत्र के गांव जैसोरा के हाईस्कूल में अपनी ड्यूटी पर मोटरसाइकिल से जा रहा था और उसके साथ बैठी छात्रा बयाना कॉलेज में पढ़ने आ रही थी। तभी यह हादसा हो गया। हादसे के बाद बस व चालक मौके से भागने में सफल रहे।

इस हादसे में दोनों परिवारों में कोहराम मचा है। पुलिस ने मृतक का पंचनामा व पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। ग्रामीणों ने बताया है कि गुर्धानदी से मूंडिया वाले रोड पर व गुर्धानदी से खोहरा वाले रोड पर कोफी लोगों ने सड़क किनारे अपने पत्थर व पशुचारे की करब के पूंज रख रखे है। जिससे इन दोनों सड़क मार्गों पर दूर से आने जाने वाले लोगों व वाहनों का पता नही लग पाता है और आए दिन हादसे होते रहते है।

ताला तोड़ चोरी

उदयपुर, (कासं)। सूने मकान का ताला तोड़ कर जेवरात चोरी करने का पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार पीड़ित पाठों की मगरी एकता नागदापत्नी नवीनीत नागदा ने भुपालपुरा पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 17 जनवरी सवेरे नौकरी पर गई तथा सांय वापस लौटी तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामना बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो एक सोने का मंगलसूत्र नहीं मिला।

अपहरण का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। खेरोदा थाना पुलिस ने महिला व बच्ची का अपहरण कर ले जाने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित रानी डूगरी निवासी गोविन्दा रावत ने रावछ कुराबड़ निवासी नाना पुत्र धर्मा रावत के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि 21 अगस्त 2021 को मेरी पुत्र वधु गेन्दगी पुत्री लोगर अपने पुत्र व पुत्री को लेकर पीहर धावड़िया गई थी।

वीडियो वायरल करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

- गोगुन्दा कस्बे का 18 जनवरी का मामला

उदयपुर, (कासं)। गोगुन्दा कस्बे में महिला को बंधक बना उसके साथ मारपीट करने का वीड़ियों तैयार कर वायरल करने के मामले में तीन आरोपी को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 18 जनवरी को महिला के बंधक बना वीड़ियों वायरल करने को लेकर किए गए अनुसंधान में मारूवास निवासी तुलसीराम ने एक माह पूर्व माचडा केलवाड़ा निवासी पुष्पा पत्नी तुलसीराम के साथ नाता हुआ था। जिसे पति ने छोड़ रखा था। मामला पुलिस तक पहुंचने पर उसके बयानों के आधार पर पुष्पा को मारूवास मेरे गांव छोड़ दिया। 11 जनवरी रात में पीकअप मे आए 15 व्यक्ति जिसमें पुष्पा का पति तुलसीराम, वजेराम पुत्र तुलसीराम, फतेहपुर निवासी पुनाराम पुत्र उदा व समाज के पच थे। मेरे घर मारूवास पर आए तथा तोड़फोड़ कर मेरी पत्नी पुष्पा के साथ मारपीट की तथा हम दोनों को बंधक बना कर पिकअप में डाल कर आरोपी माचड़ा निवासी तुलसीराम के घर ले गए। जहां बंधक बना कर मारपीट करने का वीड़ियों तैयार कर वायर कर दिया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया, पुलिस उप अधीक्षक डुगरसिंह के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी कमलेन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने माचड़ा केलवाड़ा निवासी तुलसीराम पुत्र स्वरूपजी, मचिन्द खमनौर राजसमन्द निवासी गोपीलाल पुत्र भंवर, गुलाबकी पत्नी गोपीलाल को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

श्रमिक से नकदी छीनने वाला गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के हाथीपोल क्षेत्र में श्रमिक को धमका कर उससे नकदी से भरा पर्स छिनने वालो को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीड़ित बोर खेड़ा नाई निवासी भेरूलाल पुत्र लक्ष्मण गमेती ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मैं 17 जनवरी को झरियामार्ग पर स्थित कमठाणे पर काम कर रहा था।जहां जहां अचानक आए बदमाश धमकाते हुए मुझसे पर्स छिन ले गया। जिसमें 2500 रूपये नकदी व दस्तावेज थे। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर हाथीपोल थानाधिकरी गोपाल चंदेल के नेतृत्व में एएसआई हिम्मतसिंह मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी कोमी एकता नगर मल्लातलाई निवासी फरहान उर्फ बबलु व टीचर्स कॉलोनी निवासी करण को गिरफ्तार किया।

कोहरे में रोडवेज ने टेंपो को टक्कर मारी, पिता-पुत्र सहित तीन की मौत

धौलपुर, (निस)। जिले के सदर थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव के पास घने कोहरे की वजह से हुए सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला चिकित्सालय के ट्रोमा वार्ड में भर्ती कराया गया है।

सदर थाना प्रभारी दीपक बंजारा ने बताया कि हुसैनपुर गांव का रहने वाला टेंपो ड्राइवर राजेंद्र 25 वर्ष अपने पिता रतन सिंह 50 वर्ष के साथ टेंपो को लेकर धौलपुर आ रहा था। जिसने हुसैनपुर गांव के रहने वाले बनवारी और राजकुमार को रास्ते में बैठा लिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि चांदपुर गांव के पास घने कोहरे में बाड़ी से धौलपुर की ओर जा रहे टेंपो में धौलपुर से बाड़ी की तरफ जा रही रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिस हादसे में टेंपो में सवार ड्राइवर राजेंद्र और उसके पिता रतन सिंह के साथ रास्ते में बैठे बालो निवासी नयापुरा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि टेंपो में बैठे गांव के दोनों युवक बनवारी और राजकुमार के साथ बंटी पुत्र भभूति उम्र 30 वर्ष निवासी नयापुरा गंभीर रूप से घायल हो गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाते हुए मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिये है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना दे दी गई है।

जांच दल ने निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। शुद्ध के लिए अभियान के तहत उपखण्ड क्षेत्र इटावा में जांच दल ने निरीक्षण कर प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थों के अवधिपार पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की और प्रतिष्ठान में साफ-सफाई रखने तथा कोविड गाइडलाईन का पालन करने के निर्देश दिए।

उपखण्ड अधिकारी इटावा संतोष कुमार मीणा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत बुधवार को इटावा क्षेत्र के खाद्य प्रतिष्ठानों पर गठित जांच दल द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान एमएस चक्रधारी मिष्ठान भण्डार बस स्टैण्ड एवं अग्रवाल मिष्ठान भंडार से नुक्ती के लड्डू, बर्फी, खोया एवं रसगुल्ले के नमूने लिए जिन्हें जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में भिजवाया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठानों से मौके पर 16 किलो मिल्क कैक, 20 किलो अवधिवार चिली सॉस, 100 लीटर अवधिवार कोल्डड्रींक नष्ट करवाई गई। रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रतिष्ठान वालों पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

मेधावी विद्यार्थियों की लैपटॉप योजना तीन साल से ठंडे बस्ते में पड़ी

- बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले मेधावी विद्यार्थी कर रहे हैं लैपटॉप मिलने का इंतजार

बीकानेर, (कासं)। राज्य में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले मेधावी विद्यार्थियों को राज्य सरकार की मेधावी विद्यार्थी लैपटॉप वितरण योजना में राजकीय स्कूलों की कक्षा 8 के 6 हजार, 10वीं के 6 हजार 300 व 12 वीं के 9 हजार विद्यार्थियों को प्रति सत्र लैपटॉप वितरण किया जाना था। लेकिन वर्तमान में ये योजना पिछले तीन वर्ष से ठंडे बस्ते में पड़ी है।

शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद ने बताया कि वर्तमान में करोना के बढ़ ते प्रभाव के कारण शहर की स्कूल बंद है ओर ऑनलाइन शिक्षण करवाया जा रहा है। ऐसे में जो मेधावी विद्यार्थी निर्धनता के कारण लैपटॉप नहीं खरीद सकते हैं। उन्हें अब उनके हक का लैपटॉप मिल जाएं तो वो अच्छी तरह से शिक्षण कर सकते हैं।

एक लाख से कम आय वाले अभिभावकों के पात्र मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप मिलते हैं। प्रति सत्र लगभग 21 हजार 300 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप मिलते है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर ने सत्र 2018-19 के पात्र मेधावी विद्यार्थियों की सूची जारी कर दी थी। लेकिन आज तक इन विद्यार्थियों को लैपटॉप नहीं मिले। इनका वितरण मार्च 20 में होना था लेकिन अभी तक नहीं हो पाया। मेधावी विद्यार्थी लैपटॉप वितरण योजना में तीन सत्र 2018-19, 2019-20, 2020-21 के लैपटॉप नहीं मिले है। अगर वितरण किए जाएं तो राज्य के लगभग 60 हजार विद्यार्थियों को लैपटॉप मिलेंगे। राज्य में अधिकांश निर्धन परिवार के छात्र सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं। जिनके माता-पिता लैपटॉप, स्मार्ट फोन, टेबलेट की व्यवस्था करने में असमर्थ है।

शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद का कहना है कि करोना संक्रमण काल में अब जब ऑनलाइन शिक्षण में लैपटाप व टेबलेट का महत्व बढ़ गया है। ऐसे में राज्य सरकार व विभाग तत्परता दिखाते हुए मेधावी विद्यार्थी लैपटॉप वितरण योजना में बकाया पिछले तीन सत्रों के लैपटॉप इसी माह में वितरण कर दें तो ऑनलाइन शिक्षण में निर्धन मेधावी विद्यार्थियों के लिए लैपटॉप बहुत लाभदायक सिद्ध होंगे। जो शिक्षा और शिक्षार्थी के लिए सरकार व विभाग का हितकारी फैसला साबित होगा।

करंट लगने से इकलौते बेटे की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। बिछीवाडा थाना अन्तर्गत एक युवक की करन्ट लग जानें से मौत हो गई। मृतक युवक माता पिता का इकलौता बेटा था तथा गुजरात में ट्रक चलाकर परिवार का गुजारा करता था। पुलिस सूत्रों के अनुसार करौली गांव का रहने वाला विक्रम पुत्र जयशंकर ननोमा गुजरात में ट्रक ड्राइवर है। मकर संक्रांति पर वह घर आया था। मंगलवार रात को खाना खाने के बाद टीवी देख रहा था। उसकी पत्नी सुनीता, मां रूपली, पिता जयशंकर ननोमा और उसके 2 बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे।

रात को विक्रम का हाथ बिजली के प्लग पर लगने से करंट लग गया। सुबह देर तक नहीं उठने पर मां चाय लेकर जगाने गई। आवाज लगाने पर भी नहीं उठा। हाथ लगाया तो मरा मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल लेकर गए। पोस्टमार्टम करवाकर शव परिवार को सौंपा। मृतक के एक 4 साल का बेटा अंशुल और 1 साल की बेटी आशा है।

खबर का असर

158 परिवारों में 68 परिवारों को पात्र किया

- भीण्डर पंचायत समिति के भोपाखेडा ग्राम पंचायत का मामला

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर पंचायत समिति की भोपाखेडा ग्राम पंचायत में कर्मचारियों की लापरवाही से प्रधानमंत्री आवास योजना से 158 परिवारों को विभिन्न कारणों से किये गये अपात्र में से 68 परिवारों को पुन: पात्र मानते हुए आवास योजना में शामिल कर दिया है।

17 जनवरी के अंक में स्मार्ट फोन के जमाने में लैंडलाइन फोन की वजह से अपात्र हुए सैकडों परिवार के शीर्षक से समाचार प्रकाशित करके मामला उजागर किया था। जिसके बाद भीण्डर पंचायत समिति से एक जांच टीम गठित करके भेजी गई और टीम की रिपोर्ट के आधार पर 158 में से 68 परिवारों को पात्र मानते हुए पुन: सूची में शामिल किया गया।

भोपाखेडा ग्राम पंचायत मिले अपात्र किये गये 158 परिवारों की जांच के लिए जिला परिषद उदयपुर के निर्देश पर पंचायत समिति भीण्डर के विकास अधिकारी विशाल सीपा ने जांच टीम गठित करके भेजी। टीम ने भोपाखेडा पहुंच करके समाचार में दिये गये 4 परिवारों के उदाहरण को मौका स्थिति पर जाकर देखा और सभी मकान मौके पर कच्चे मिले। टीम ने भोपाखेडा के पप्पूलाल पिता टीला मीणा, नाथु लाल पिता उदा गायरी, रतनलाल पिता चुनालाल मीणा, लाला गायरी पिता उदा गायरी के मकानों का निरीक्षण किया। जिसमें पाया गया कि इन परिवारों ने आज दिन तक किसी भी प्रकार की सरकार की आवास योजना का लाभ नहीं उठाया और ना ही इनका पक्का मकान है। इसलिए चारों परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्र माना जाता है।

धोखाधड़ी से जमीन हड़पने का प्रयास

उदयपुर, (कासं)। अम्बामाता थाना पुलिस ने वृद्ध की रिपोर्ट पर आरोपी रिश्तेदार व साथी के खिलाफ जमीन हड़पने की नियत से दस्तावेज तैयारकरने का मामला दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित लोयरा निवासी कालु पुत्र नन्दा गमेती ने सब्बलपुरा बेदला निवासी पुष्करलाल पुत्र जानकीलाल, शेलू बड़गांव निवासी वेटनरी कम्पाउण्डर बाबुलाल, निकोल दियाणा निवासी किशनसिंह पुत्र भंवरसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि 25 दिसंबर को आरोपियों ने खेत पर गए मेरे पुत्र कूका के साथ मारपीट की। जिसे घायल होने पर उपचार के लिए ले गए। उसके बाद आए आरोपी मुझे पुत्र के उपचार के लिए मुख्यमंत्री योजना से लोन लेने के बहाने रजिस्ट्रार कार्यालय ले गए। जहां पर मुझे काली चाय पिलाई तथा उसके बाद दस्तावेजों पर मेरे अंगुठे के निशान लगवा दिए। उक्त दस्तावेज में जमीन 10 वर्ष के लिए अनुबंधीत करने तथा बदले में 10 लाख रूपये नकद भुगतान करना उल्लेख किया था। इसकी जानकारी अधिवक्ता के नोटिस से मिली।

लार्वा मिलने पर दो मकान मालिकों को नोटिस दिया

कोटा, (निसं)। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जिले में चिकित्सा विभाग का डोर टू डोर सर्वे अभियान जारी है। बुधवार को विभाग की 621 टीमों ने 15760 घरों का सर्वे किया। इस दौरान घरों में लार्वा मिलने पर 2 मकान मालिकों को नोटिस दिए।

सीएमएचओ डॉ भूपेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि टीमों ने घरों में 27459 पानी के जल पात्रों जैसे पानी की टंकियां, कूलर, ड्रम, परिण्डे, गमले, फ्रीज की ट्रे और छतों पर रखे पानी जमा होने वाले टायर, कबाड़ आदि की जांच की गई तो 45 जल पात्रों/कंटेनरों में लार्वा मिला जिन्हें उपचारित किया। टीमों ने 1188 कंटेनरों को खाली कराया, 575 में टेमीफास की दवा डाली तथा 894 स्थानों पर एमएलओ डाला गया। इसके अलावा 457 कमरों में मच्छर रोधी पायरेथ्रम स्प्रे का छिड़काव भी किया।

सर्वे में आईएलआई या कोरोना जैसे लक्षण वाले 185 व्यक्ति भी मिले जिन्हें दवाईयां दी गई। हाई रिस्क ग्रुप के 65 लोगों को अस्पताल जाकर दिखाने की सलाह दी गई। इस दौरान लोगों को बीमारियों से बचाव रोकथाम संबधी जागरूकता के पम्पलेट भी बांटे व पोस्टर, स्टीकर चस्पा किए गए।

बांसवाड़ा में 188 संक्रमित मिले

- मास्क लगाने का अभियान चलाया

बांसवाड़ा, (निसं)। कोरोना एक बार फिर अपने पैर पसारता नजर आ रहा है महात्मा गांधी चिकित्सालय से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को 188 संक्रमित पाये गये। कोरोना पर नियंत्रण के लिए गाईडलाईन की सख्ती से पालना कराई जा रही है वहीं आमजन भी सावचेत नजर आ रहे हैं।

रात्रि आठ बजे बाजार पूरी तरह से बंद हो जाते है। इधर मास्क लगाने के लिए भी पुलिसकर्मी अभियान चलाये हुए है वे आते-जाते लोगों को मास्क पहनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

उदयपुर में धोखे से नकदी हड़पी, मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। वाटर शेट निर्माण कर धोखे से नकदी हड़पने वाली कंपनी के प्रोपराईटर के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोपराईटर बानसूर अलवर निवासी भवानीसिंह पुत्र विशालसिंह ने वाटरशेट प्रा. लिमिटेड के प्रोपराईटर फतहपुरा निवासी मोहित मेहता के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि मैं ठेका लेने का काम करता हूं।

आरोपी भी पीएचईडी में ठेका लेता है। मुझसे संपर्क किया तो दोनो के बीच हुई बातचीत में मुझे एक लाख रूपये प्रत्येक वाटर शेड व जीएसटी देना तय कर दौसा में 7, पोकरण में 13, गड़रा में 2, उसे वाटर शेड बनाने का काम दिया उक्त काम मार्च 2021 तक पूरा करना था। उक्त काम पेटे करीब 25 लाख रूपये का भुगतान देना था। आरोपी ने विभाग से बिल उठा लिया तथा मुझे करीब 9 लाख 50 हजार रूपये का भुगतान किया। शेष नकदी के लिए कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे रहा है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

बीकानेर जिले में 356 कोरोना पॉजिटिव मिले

नोखा में अब हर दूसरा टेस्ट पॉजिटिव आ रहा है

बीकानेर, (कासं.)। जिले में कोरोना पॉजिटिव का आंकड़ा कुछ कम हुआ है लेकिन कोविड का खतरा अब भी कहर बरपा रहा है। बुधवार को बीकानेर में 356 कोरोना पॉजिटिव सामने आए। शहर के साथ अब आसपास के गांवों में कोरोना रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। नोखा में सबसे ज्यादा हालात खराब है जहां हर दूसरा टेस्ट पॉजिटिव आ रहा है। मंगलवार को यहां 68 टेस्ट की रिपोर्ट बुधवार को आई जिसमें 32 पॉजिटिव है, इसमें 14 साल का एक बच्चा भी शामिल है।

बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भर्ती रोगियों में एक सत्तर वर्षीय वृद्ध की मंगलवार को मौत हो गई। उसे कुछ दिन पहले सांस में तकलीफ के चलते भर्ती किया गया था, जिसकी कोरोना जांच करवाई गई। यह पॉजिटिव आने पर उसे एमसीएच विंग में शिफ्ट कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अब तक सात लोगों ने बीकानेर में कोरोना की तीसरी लहर में दम तोड़ दिया है। सुबह की रिपोर्ट में 296 पॉजिटिव आए हैं, जबकि शाम की रिपोर्ट में साठ पॉजिटिव आए हैं।

बीकानेर में जगह जगह हो रही जांच में सबसे ज्यादा पॉजिटिव पीबीएम अस्पताल के कोविड ओपीडी में मिल रहे हैं। बुधवार को मिले करीब तीन सौ पॉजिटिव में दो सौ इसी सेंटर पर लिए गए केस है। इनमें बड़ी संख्या उन रोगियों की है जो अन्य बीमारियों के चलते पीबीएम अस्पताल में इलाज ले रहे हैं लेकिन इलाज के दौरान यहां पॉजिटिव हो गए। बुधवार को यहां 190 पॉजिटिव मिले हैं। कमोबेश हर दूसरा टेस्ट यहां पॉजिटिव आ रहा है। वहीं गंगाशहर में भी हालात खराब है। जहां मंगलवार को 59 टेस्टे किए गए थे, जिसमें पच्चीस पॉजिटिव है। गंगाशहर में भी लगभग हर दूसरा टेस्ट पॉजिटिव मिल रहा है। यहां भी बच्चे कोरोना संक्रमित हो रहे हैं। बुधवार की रिपोर्ट में सोलह व सत्रह साल के दो बच्चे पॉजिटिव आए हैं। जस्सूसर गेट स्थित सेटेलाइट अस्पताल में भी हर दूसरा टेस्ट पॉजिटिव आ रहा है। यहां मंगलवार को 112 रोगियों ने अपनी जांच करवाई थी, जिसमें साठ पॉजिटिव है। शहर के भीतरी क्षेत्र से यहां जांच के लिए आ रहे रोगियों में कोरोना पॉजिटिव मिल रहा है।

छबड़ा में 18 नये पॉजिटिव मिले

छबड़ा, (निसं)। छबड़ा क्षेत्र में कोरोना अपने पैर पसारता नजर आ रहा है, जिसके चलते एक साथ 18 नए पॉजिटिव मामले सामने आए है, जिनको होम क्वारंटाइन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार छबड़ा क्षेत्र में कोरोना संक्रमण बढ़ ता ही जा रहा है, एक साथ 18 पॉजिटिव सामने आने से चिकित्सा प्रशासन सतर्क हो गया है। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश भूटानी ने बताया कि पॉजिटिव पाए गए 18 लोगों को होम क्वारंटाइन किया गया। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी लोग कोरोना के बढ़ ते संक्रमण की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस का पालन करें।

राजसमंद जिले में 145 नये संक्रमित मिले

- कोर्ट परिसर के 13 कर्मचारी 9 पुलिसकर्मी सहित सभापति एवं उनकी पत्नी संक्रमित

राजसमंद, (निसं)। जिले के कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की बढ ती रफ्तार लगातार कायम है। पिछले करीब दो सप्ताह यानी 13 दिनों में जिले में कुल 886 नये संक्रमित सामने आए है जिनमें से 676 एक्टिव मामले है। बुधवार को जिले में कुल 145 नये कोरोना पोजिटिव सामने आए।

सीएमएचओ डॉ. प्रकाशचन्द्र शर्मा के अनुसार बुधवार को प्राप्त ताजा रिपोर्ट में सामने आए 145 नये पोजिटिव में से आमेट ब्लॉक से 4, भीम ब्लॉक से 2, केलवाडा ब्लॉक 8, खमनोर ब्लॉक से 26, रेलमगरा ब्लॉक से 11, राजसमंद ब्लॉक से 10, नाथद्वारा शहरी ब्लॉक से 15, राजसमंद शहरी ब्लॉक से 69 नये करोनो संक्रमित पाए गए। जबकि रिपोर्ट में 18 से कम उम्र के 24 बच्चे संक्रमित पाए गए। वहीं जिले में अब 676 एक्टिव मामले है। इसी के साथ रिपोर्ट में जिले की डीजे कोर्ट परिसर के 13 कर्मचारी, विभिन्न थानों के 9 पुलिसकर्मी एवं उनके परिजन सहित नगर परिषद सभापति अशोक टांक एवं उनकी पत्नी के भी संक्रमित पाए जाने की पुष्टि हुई है। जिले में 7 जनवरी से लेकर 19 जनवरी 13 दिनों में तीसरी लहर में कुल 886 नये संक्रमित सामने आए है। जिसमें 18 वर्ष की कम आयु के 113 बच्चे भी शामिल है। जिले में अब तब 18,333 कोरोना संक्रमित मरीज मिले है, जिसमें से 17 हजार 484 मरीज ठीक हो चुके हैं।